## संपादकीय

# रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती

हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सिर्फ 10 फीसदी नौजवानों को सिक्योर जॉब मिलने की संभावना रह गई है।

वैसे इंजीनियरिंग स्नातक केवल 60 प्रतिशत हैं, जिन्हें आज बाजार में रोजगार पाने लायक समझा जाता है। केवल उद्योग जगत की बात करें, तो ऐसे स्नातकों की संख्या महज 45 फीसदी है।

भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई और उससे प्रशिक्षित होकर निकले इंजीनियरिंग स्नातकों की बदहाली की ये कहानी मानव संसाधन क्षेत्र की एजेंसी टीमलीज की ताजा रिपोर्ट से सामने आई है।

उसके मुताबिक इस बदहाली का प्रमुख कारण इंजीनियरिंग स्नातकों में आज के तकाजे के अनुरूप कौशल का अभाव है।

भारत में हर साल 15 लाख छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना धीरे-धीरे उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनता गया है।

दुखद यह है कि संबंधित चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बनी है।

रिपोर्ट में उचित ही इस ओर ध्यान खींचा गया है कि लंबे समय से इंजीनियरिंग शिक्षा भारत के विकास की बुनियाद रही है। इसीलिए नौजवानों के लिए करियर का यह पसंदीदा विकल्प रही।

देश में बुनियादी ढांचे के विकास एवं सकल प्रगति को आकार में इंजीनियरों की प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन अब हालत बदल चुकी है। तकनीकी उन्नति जिस दिशा में हुई, भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा को उसके अनुरूप विकसित नहीं किया गया। नतीजा अब भुगतना पड़ रहा है। नेसकॉम का अनुमान है कि अगले दो-तीन साल तक भारतीय तकनीकी सेक्टर को ऐसे दस लाख इंजीनियरों की जरूरत पड़ेगी, जो आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस, बैटरी संचालित वाहनों, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत हो रही तकनीक में पारंगत हों।

लेकिन ऐसे इंजीनियर बहुत कम संख्या में तैयार हो रहे हैं। किसी भी देश में विकास के बुनियादी स्तंभ विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित में शिक्षित नौजवान होते हैं।

मगर शर्त यह है कि उन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से क्वालिटी शिक्षा मिली हुई हो। इस कसौटी पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था नाकाम हो रही है, तो उसका अर्थ है कि अपना देश विकास की होड़ में पिछड़ा बना रहेगा।

# भारत में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की संख्या 28 लाख के पार

**नई दिल्ली**



देश में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की संख्या अब 28,55,015 हो गई है, जबकि इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों की संख्या 4 दिसंबर तक 2,57,169 हो गई है। यह जानकारी हाल ही में संसद में दी गई।

भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित जवाब में लोकसभा को बताया कि सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार, ओडिशा में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कुल संख्या 1,45,479 है, जिसमें अडोप्शन रेट 1.24 प्रतिशत है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, फिलहाल, ओडिशा राज्य में ऑटो आरएंडडी क्लस्टर स्थापित करने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

ईवी के ग्राहकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है, जैसे भारत में फेम (फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना

यह योजना 1 अप्रैल, 2019 से पांच साल की अवधि के लिए है, जिसमें कुल 11,500 करोड़ रुपये का बजटीय समर्थन है। इस योजना ने ई-2व्हीलर, ई-3 व्हीलर, ई-4व्हीलर, ई-बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों को प्रोत्साहित किया।

भारत में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग (पीएलआई-ऑटो) के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का बजटीय परिव्यय 25,938 करोड़ रुपये है।

इस योजना में न्यूनतम 50 प्रतिशत डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन (डीवीए) के साथ एएटी उत्पादों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और ऑटोमोटिव विनिर्माण मूल्य श्रृंखला में निवेश आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन का प्रस्ताव है।

एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के लिए पीएलआई योजना को 18,100 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई।

सरकार के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य 50 गीगावॉट घंटे की एसीसी बैटरी के लिए प्रतिस्पर्धी घरेलू मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम स्थापित करना है।

पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना का परिव्यय 10,900 करोड़ रुपये है और इसे 29 सितंबर, 2024 को अधिसूचित किया गया था।

यह दो साल की योजना है जिसका उद्देश्य ई-2व्हीलर, ई-3 व्हीलर, ई-ट्रक, ई-बस, ई-एम्बुलेंस, ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन और परीक्षण एजेंसियों को अपग्रेड करने सहित इलेक्ट्रिक वाहनों का समर्थन करना है।

भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारत में स्कीम फोर प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार्स इन इंडिया (एसपीएमईपीसीआई) को 15 मार्च, 2024 को अधिसूचित किया गया था।

इसके लिए आवेदकों को न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा और तीसरे वर्ष के अंत में न्यूनतम 25 प्रतिशत और पांचवें वर्ष के अंत में 50 प्रतिशत का डीवीए हासिल करना होगा।

# ईवी इंडस्ट्री में अगले 5 से 6 वर्षों में आ सकता है 40 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** भारत की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और उसकी सहायक इंडस्ट्रीज में अगले 5 से 6 वर्षों में 40 अरब डॉलर का निवेश होने की संभावना है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एक प्रोफेशनल सर्विसेज और इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनी कोलियर्स की रिपोर्ट में बताया गया कि नियोजित निवेश का लगभग दो-तिहाई संभावित रूप से अकेले लिथियम-आयन बैटरी सेगमेंट में आ सकता है।

साथ ही बताया कि इन फंडों का निवेश सरकारी नीतियों के सफल कार्यान्वयन, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के बढऩे और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग के स्केल-अप पर निर्भर करता है। सरकार द्वारा ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

रिपोर्ट में आगे बताया गया कि ईवी को बढ़ाने के लिए देश में चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाना होगा। इससे 2030 तक 45 मिलियन स्क्वायर फीट के रियल एस्टेट की मांग पैदा होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में घरेलू ईवी इंडस्ट्री में निवेश प्रतिबद्धताओं में तीन गुणा का इजाफा हुआ है। भारत में कुल ईवी पेनिट्रेशन रेट 8 प्रतिशत है।

कोलियर्स के मुताबिक भारत में ईवी की बिक्री 2024 में 20 लाख यूनिट्स के करीब रह सकती है।

कोलियर्स इंडिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बादल याग्निक ने कहा, डिमांड और सप्लाई इंसेंटिव ईवी को अपनाने में महत्वपूर्ण निभाते रहेंगे, लेकिन लागत में कमी और कीमत के हिसाब से इलेक्ट्रिक वाहनों को किफायती बनाकर बिक्री को कई गुणा बढ़ाया जा सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि के कारण 2030 तक लगभग 13,000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो सकता है और इस भूमि पर विकास की योजनाएं आ सकती हैं।

संभावित भूमि विकास अवसरों में से 80 प्रतिशत से अधिक लिथियम-आयन बैटरी निर्माताओं से आने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार में लिथियम-आयन बैटरी और सार्वजनिक निजी भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है।

# मोहम्मद शमी पर भारी पड़े हार्दिक पांड्या

**बंगाल को हराकर बड़ौदा मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में**

**नईदिल्ली**



सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मैच बड़ौदा और बंगाल के बीच खेला गया. ये मैच टीम इंडिया के दो बड़े स्टार खिलाड़ियों के बीच भी एक जंग की तरह था. ये खिलाड़ी हैं हार्दिक पांड्या जो बड़ौदा की तरफ से खेल रहे थे और मोहम्मद शमी जो बंगाल की तरफ से खेल रहे थे. लेकिन हार्दिक पांड्या की बड़ौदा टीम बंगाल पर भारी पड़ी और जीत दर्ज करते हुए मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच गई.

हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर सके थे और वे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और 11 गेंदों में सिर्फ 10 रन बना सके थे. लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने कमाल किया और 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई.

# अदाणी समूह श्रीलंका पोर्ट प्रोजेक्ट को स्वयं करेगा फाइनेंस

**यूएस डीएफसी से फंडिंग का आवेदन वापस लिया**

**मुंबई**



अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (एपीएसईजेड) लिमिटेड ने कहा है कि वह अपने वित्तीय साधनों का उपयोग कर श्रीलंका पोर्ट प्रोजेक्ट को पूरा करेगा और इसके लिए उसे अमेरिकी फंडिंग की आवश्यकता नहीं है।

अदाणी पोर्ट्स द्वारा स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा गया कि श्रीलंका पोर्ट प्रोजेक्ट समयबद्ध तरीके से चल रहा है और अगले साल पूरा हो जाएगा।

कंपनी ने आगे कहा, श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) प्रोजेक्ट प्रगति कर रही है और अगले साल की शुरुआत में चालू होने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

इसके अतिरिक्त कंपनी ने कहा, प्रोजेक्ट को कंपनी के आंतरिक संसाधनों और पूंजी प्रबंधन योजना के माध्यम से फाइनेंस किया जाएगा। हमने यूएस डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) से फाइनेंस के लिए अपना अनुरोध वापस ले लिया है।

पिछले साल नवंबर में यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन ने श्रीलंका में कोलंबो बंदरगाह पर सीडब्ल्यूआईटी के विकास, निर्माण और संचालन का समर्थन करने के लिए 553 मिलियन डॉलर का ऋण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की थी।

सीडब्ल्यूआईटी को अदाणी पोर्ट्स, श्रीलंकाई कारोबारी समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी (एसएलपीए) के एक कंसोर्टियम द्वारा विकसित किया जा रहा है।

सीडब्ल्यूआईटी प्रोजेक्ट सितंबर 2021 में शुरू हुआ था। इसके लिए अदाणी पोर्ट्स ने श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और श्रीलंकाई कारोबारी समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कोलंबो पोर्ट की क्षमताओं का विस्तार करने के लिए 700 मिलियन डॉलर से अधिक के निवेश का वादा किया गया था।

# एडिलेड में हेड के खिलाफ सिराज की आक्रमकता देखकर थोड़ा चिंतित हो गया था: पोंटिंग

**दुबई**



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि एडिलेड में खेले गए दूसरे बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट में ट्रेविस हेड और मोहम्मद सिराज के बीच हुई घटना सिर्फ गलतफहमी थी और इसे अनजाने में हुई घटना करार दिया।

यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 82वें ओवर में हुई। सिराज ने 140 रन पर खेल रहे हेड को एक शानदार यॉर्कर से बोल्ड कर दिया। इसके बाद सिराज ने आक्रामक तरीके से उन्हें पवेलियन लौटने का इशारा किया। हेड ने भी सिराज को पलटकर जवाब दिया, फिर अपने घरेलू दर्शकों की तालियों के बीच पवेलियन लौट गए।

इसके बाद, सिराज जब भी गेंदबाजी या फील्डिंग के लिए आए, एडिलेड की भीड़ ने जोर-जोर शो बोलकर कर अपना गुस्सा जताया।

पोंटिंग ने कहा, अब पीछे मुडक़र देखता हूं तो लगता है कि यह सब अनजाने में हुआ। शुरुआत में किसी का इरादा गलत नहीं था। लेकिन फिर यह सब गलतफहमी में बदल गया, जिससे ऐसा हुआ।

सिराज का रिएक्शन तीखा और गुस्से वाला था, लेकिन पोंटिंग के मुताबिक, यह एक तेज गेंदबाज के लिए स्वाभाविक था, जो दबाव में था और जिसने उस वक्त तक सिर्फ एक विकेट लिया था।

उन्होंने कहा, मुझे याद है, ट्रेविस ने कहा था कि उन्होंने सिराज की गेंदबाजी की तारीफ की थी। लेकिन सिराज शायद पिछली गेंद पर हेड द्वारा लगाए गए छक्के से खुश नहीं थे।

पोंटिंग ने यह भी जोड़ा कि कप्तान रोहित शर्मा को अपने तेज गेंदबाजों से ऐसे आक्रामक रिएक्शन की उम्मीद होगी, खासकर तब जब वे दबाव में होते हैं और सिर्फ एक विकेट लेते हैं।

हालांकि, सिराज और हेड के बीच हुई बातचीत ने पोंटिंग को थोड़ा चिंतित भी कर दिया। उन्होंने कहा, जैसे ही मैंने सिराज का वह रिएक्शन देखा, मैं थोड़ा चिंतित हो गया। अंपायर और रेफरी आमतौर पर पवेलियन की ओर इशारे को पसंद नहीं करते।

लेकिन टेस्ट के दूसरे दिन, जब सिराज बल्लेबाजी करने आए और हेड शॉर्ट लेग पर फील्डिंग कर रहे थे, दोनों को बातचीत करते और स्थिति को स्पष्ट करते देखा गया।

# अंकुरित गेहूं का सेवन सेहत के लिए होते है फायदेमंद, इससे बनाएं ये पौष्टिक व्यंजन

अंकुरित गेहूं एक बेहद पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल की भरपूर मात्रा होती है। अंकुरित गेहूं से बनने वाले खास व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जो रोजमर्रा के खाने से अलग और पौष्टिक हैं।इन व्यंजनों को बनाना भी बहुत आसान है।

**अंकुरित गेहूं का सलाद**

अंकुरित गेहूं का सलाद एक ताजगी भरा और पौष्टिक व्यंजन है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, 1 कटा हुआ टमाटर, 1 कटा हुआ खीरा, 1 कटा हुआ प्याज, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च।इसके लिए सभी सब्जियों को काटकर सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिला लें। यह सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखता है।

**अंकुरित गेहूं की टिक्की**

अंकुरित गेहूं की टिक्की एक बेहतरीन स्नैक हो सकती है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 2 कप अंकुरित गेहूं, 2 उबले हुए आलू, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, स्वादानुसार नमक और मसाले।इसे बनाने के लिए आलू को मीसें और सभी सामग्रियों को मिलाकर गोल-गोल टिक्कीयां तैयार कर लें।अब इन टिक्कियों को तेल में सुनहरा होने तक सेंके। ये टिक्कीयां प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती हैं, जो आपके स्नैक टाइम को सेहतमंद बना सकती हैं।

**अंकुरित गेहूं का सूप**

ठंड के मौसम में अंकुरित गेहूं का गर्मा-गर्म सूप पीने का मजा ही अलग होता है।इसके लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, गाजर, बीन्स, मटर आदि जैसी सब्जियां, अदरक लहसुन का पेस्ट और मसाले।सब्जियों को उबालें और उसमें अंकुरित गेहूं मिलाएं। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और मसाले मिलाएं। इसे अच्छी तरह पकाएं, ताकि सभी स्वाद मिल जाएं।यह सूप विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो शरीर को गर्माहट और पोषण प्रदान करता है।

**अंकुरित गेहूं की खिचड़ी**

खिचड़ी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन इस बार अंकुरित गेहूं की खिचड़ी चखकर देखें। इसके लिए आपको चाहिए होगा- आधा कप चावल, आधा कप मूंग दाल, 1 कप अंकुरित गेहूं, स्वादानुसार नमक और मनचाहे मसाले।सबसे पहले चावल और दाल को पकाएं, फिर उसमें अंकुरित गेहूं डालें और मसाले मिलाएं। यह खिचड़ी पेट के लिए हल्की होती हैं।

# मंडे टेस्ट में बाहुबली 2-एनिमल को धोबी पछाड़, 1000 करोड़ से चंद कदम दूर पुष्पाराज

अल्लू अर्जुन की एक्शन फिल्म पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर रूल कर रही है. 5 दिसंबर को रिलीज हुई यह फिल्म ना सिर्फ भारत में बल्कि दुनियाभर में रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. फिल्म ने जहां पहले वीकेंड पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, वहीं बॉक्स ऑफिस पर मंड टेस्ट में भी नया रिकॉर्ड कायम किए हैं. फिल्म पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने पहले मंडे टेस्ट में बाहुबली 2 और एनिमल को पीछे छोड़ दिया है और भारत में पहले सोमवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म बनकर उभरी है.




पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली फिल्म बन गई है, जो अपने ओपनिंग डे से शानदार कमाई के साथ रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है. सैकनिल्क के अनुसार, अपने पहले सोमवार को पुष्पा 2 ने सभी भाषाओं में 64.1 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे पुष्पा 2 की कुल कमाई 593.1 करोड़ रुपये हो गई. यह अल्लू अर्जुन स्टारर के लिए एक और मील का पत्थर है, जिसने अपने शुरुआती दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़े हैं. इस ताबड़तोड़ कलेक्शन के साथ, पुष्पा 2 भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है.

पुष्पा 2 ने हिंदी वर्जन ने मंडे टेस्ट में नया रिकॉर्ड कायम किया है. भारत में हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसने प्रभास की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 और रणबीर कपूर की एनिमल को पछाड़ दिया है और पहले सोमवार को हिंदी सिनेमा की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर उभरी है.

# अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर आया सामने




अक्षय कुमार अपनी नई फिल्म भूत बंगला को लेकर काफी एक्साइडेट है. उनकी यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है. खिलाड़ी कुमार ने अपने इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट दिया है. उन्होंने भूत बंगला की शूटिंग और रिलीज डेट का खुलासा किया है. इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया है.

अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म भूत बंगला का नया पोस्टर जारी किया है. इस पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट दी गई है. भूत बंगला के बारे में जानकारी देते हुए अक्षय कुमार ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, आज हम अपनी हॉरर कॉमेडी भूत बांग्ला की शूटिंग शुरू कर रहे हैं, इसलिए मैं अपने फेवरेट प्रियदर्शन के साथ सेट पर आने को लेकर काफी एक्साइडेट हूं. ये डर और हंसी का डबल डोज आपके लिए तैयार होगा 2 अप्रैल, 2026 को. तब तक के लिए आपको शुभकामनाएं दें.

# जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर आउट, विधु विनोद चोपड़ा ने दिखाई शानदार सिनेमाई सफर की झलक



विक्रांत मैसी स्टारर मोस्ट अवेटेड 'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर आउट हो चुका है. विधु विनोद चोपड़ा ने दर्शकों को 2 मिनट 9 सेकंड के ट्रेलर में शानदार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस की झलक दिखाई है. 'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर बेहद शानदार है, जो कहानी से पहले की कहानी की एक झलक पेश करता है.

इस बात में कोई शक नहीं है कि 12वीं फेल के बाद विधु विनोद चोपड़ा एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार हैं. कई ट्विस्ट, दिल को छू लेने वाले इमोशन्स, कॉमेडी और एंटरटेनिंग ड्रामे से भरपूर, ट्रेलर एक शानदार सिनेमाई सफर पर ले जाने के साथ ही चोपड़ा की बेहतरीन शैली को दिखाता है.

विधु विनोद चोपड़ा फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक के निर्माण में लगे पागलपन की एक झलक पाने के लिए तैयार हो जाइए! जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. फिल्म 13 दिसंबर से सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

जीरो से रीस्टार्ट का टीजर 13 नवंबर, 2024 को रिलीज हुआ था. ऐसे में ट्रेलर दर्शकों की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ाता नजर आ रहा है. गोवा में हुए आईएफएफआई में फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, जहां इसे काफी सराहा गया.

जीरो से रीस्टार्ट को लेकर विधु विनोद चोपड़ा ने हाल ही में बताया कि उन्?हें लगता है कि ईमानदारी से फिल्म बनाने के लिए साहस बहुत जरूरी होता है, क्योंकि सिनेमा में असलियत को दिखाने की शक्ति होती है. चोपड़ा ने कहा, मैं यहां आप सभी के सामने वैसे ही खड़ा हूं जैसे मैं अपनी असल जिंदगी में हूं. मुझे इस फिल्म से अपशब्दों को हटाने और अपनी छवि चमकाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, ये मेरे लिए मुश्किल है.


# शब्द सामर्थ्य- 263

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 262 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सू-दोकू- 263

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.262 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष***- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है।

***वृष***- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा।

***मिथुन***- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है।

***कर्क***- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

***सिंह***- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए।

***कन्या***- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढऩे के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी।

***तुला***- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा।

***वृश्चिक***- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है।

***धनु***- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं।

***मकर***- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है।

***कुंभ***- आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

***मीन***- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है।